समाचार

# विद्युतीकरण संबंधी कार्यो में आवश्यक गति लाएं, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती दें–महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों की बैठक लेकर विद्युतीकरण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की)



कोरबा 07 जून 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों से कहा है कि निगम क्षेत्र में किए जाने वाले विद्युतीकरण संबंधी कार्यो में आवश्यक गति लाएं ताकि विद्युतविहीन बस्तियों, पारों तक बिजली की सुविधा त्वरित रूप से पहुंचायी जा सके। उन्होने कहा है कि वर्षा ऋतु को देखते हुए विद्युत सप्लाई की व्यवस्था में अपेक्षित सुधार करें तथा यह देखें कि विद्युत सप्लाई निर्वाध रूप से हों ताकि आमजनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पडे।

उक्ताशय के निर्देश आज महापौर श्री प्रसाद ने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्री प्रसाद ने विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों एवं निगम के विद्युत व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का यह संकल्प है कि निगम क्षेत्र के समग्र विकास के साथ–साथ अंतिम रूप से यह सुनिश्चित करना हैं कि एक भी घर, मोहल्ला, पारा तथा बस्ती बिजली जैसी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित न रहें, शीघ्र से शीघ्र विद्युत सुविधा संबंधी मांग व आवश्यकताओं पर कार्य किया जाए। उन्होने कहा कि इस हेतु राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा विद्युत विभाग

को शासन स्तर पर फंड की व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं तथा पर्याप्त राशि की व्यवस्था उनके द्वारा कराई गई है। महापौर श्री प्रसाद ने बैठक के दौरान मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत किए जाने वाले विद्युतीकरण संबंधी कार्यो एवं निगम मद से किए जाने वाले विद्युत संबंधी कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण अभियंता पी.व्ही.संजीव ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत वर्ष 2019–20 में 99 वर्क आर्डर विद्युतीकरण संबंधी कार्यो हेतु प्रदान किए गए थे, जिनमें से 61 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। उन्होने बताया कि इसी प्रकार इस योजनांतर्गत वर्ष 2020–21 के लिए निगम द्वारा विभिन्न वार्डो में 66 विद्युतीकरण कार्यो के प्रस्ताव विद्युत कम्पनी को दिए गए हैं, जिनमें से 33 कार्यो की निविदा प्रक्रिया की जा रही है तथा शेष कार्यो हेतु राशि की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए आगे कहा कि विभिन्न वार्डो में विद्युत खंभों का विस्तार, नए ट्रांसफार्मर की स्थापना, विद्युत तारों को बदलने संबंधी कार्य, लाईनों को बदलने व अपडेट करने संबंधी कार्य, स्ट्रीट लाईट संबंधी कार्य आदि विभिन्न विद्युतीकरण कार्यो के प्रस्ताव निगम द्वारा दिए गए हैं, इन पर त्वरित कार्यवाही की जाए तथा कार्यप्रक्रिया पूरी कर कार्य प्रारंभ किए जाएं ताकि जल्द से जल्द लोगों को निर्वाध रूप से बिजली की सुविधा प्राप्त हों।

बैठक के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, एम.आई.सी. सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण अभियंता पी.व्ही.संजीव, कार्यपालन अभियंता नवीन राठी, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे एवं भूषण उरांव, सहायक अभियंता राकेश मसीह एवं वितरण कम्पनी के सहायक अभियंता रोशन वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)